# दतिया उपचुनाव के नतीजे बता रहे जनता बदलाव चाहती है : जीतू पटवारी

## संगठन सृजन अभियान के समापन अवसर पर कटनी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा

**कटनी, देशबन्धु।** दो दिवसीय संगठन सृजन अभियान के समापन अवसर पर गुरुवार को कटनी पहुंचे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए आगामी राजनीतिक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया। प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश का युवा अब जाग चुका है, जनता सवाल पूछ रही है और बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। पटवारी ने कहा कि दतिया उपचुनाव का परिणाम इस बात का संकेत है कि जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 152 पेपर लीक




और 50 से अधिक परीक्षाओं में धांधली हुई, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल देश की शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य का है, जिसे लेकर राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्यप्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, भय और प्रशासनिक अराजकता का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अली बाबा और 40 चोर की सरकार चल रही है। उन्होंने बल्लभ भवन में रिश्वत लेते अधिकारी का वीडियो सामने आने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रदेश की व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि जनता को जागरूक करना है। इसी सोच के साथ पूरे प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा, नीति और जनसंघर्षों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि वे प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में रात्रि विश्राम कर कार्यकर्ताओ और आम लोगों से सीधे संवाद करेंगे। कटनी के युवाओं से विशेष अपील करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत वोट है। उन्होंने युवाओ से अपने मताधिकार के प्रति सजग रहने और प्रदेश व देश के भविष्य को ध्यान में रखकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। गौरतलब है कि होटल टीजीएस में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओ ने संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क और जनआंदोलन जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। शिविर में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संजय कामले, ललित सेन, मनु मिश्रा, दुर्गेश पटेल, आरिफ खान, प्रमिल मोड़त्रा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इससे पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी ने भी कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया।

### लम्बे समय से पुलिस की आंखों में झोंक रहा था धूल

# फरार गांजा सप्लायर गिरफ्तार



**कटनी, देशबन्धु।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठला पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। 2.6 किलो अवैध गांजा बरामदगी के मामले में फरार चल रहे सप्लायर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। कुठला थाना प्रभारी अखलेश दाहिया ने बताया कि विगत 5 जुलाई को पेट्रोलिंग के दौरान बिलहरी बडखेरा निवासी जितेन्द्र सिंह ठाकुर उर्फ मज्जुल ठाकुर के कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 37 हजार रुपये थी। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि वह गांजा बृजेश उपाध्याय उर्फ प्रियांशु निवासी मवई थाना स्लीमनाबाद से लेकर आया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने बृजेश उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व उप निरीक्षक विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## सार-समाचार

### आज 33.50 करोड़ के सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण करेंगे विधायक संजय पाठक

**कटनी, देशबन्धु।** विजयराघवगढ़ विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ने जा रही है। बरही खितौली क्षेत्र के हर वर्ग, विशेषकर गरीब तबके के विद्यार्थियों को सर्वसुविधायुक्त, अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए युवाओं और विद्यार्थियों के प्रेरणास्रोत विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के सतत एवं अथक प्रयासों से करेला में 33 करोड़ 50 लाख की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ होने जा रहा है। शुक्रवार 7 अगस्त 2026 को दोपहर 1.00 बजे सांदीपनि विद्यालय, करेला का लोकार्पण विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के करकमलों द्वारा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। सांदीपनि विद्यालय विद्यालय के प्रारंभ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा का बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक का सदैव यह प्रयास रहा है कि विजयराघवगढ़ विधानसभा का प्रत्येक विद्यार्थी बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त करे और अपने सपनों को साकार करने के लिए किसी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। शिक्षा के क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयासों का यह एक और महत्वपूर्ण परिणाम है। क्षेत्रवासियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिक्षा के इस नवनिर्माण के साक्षी बनें।



### घोषणा के 10 वर्षों बाद भी नहीं हो पाई उद्योगों की स्थापना

#### 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी घोषणा

**उमरियापान, देशबन्धु।** 10 अगस्त 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ढीमरखेड़ा क्षेत्र में उद्योग स्थापना की घोषणा की गई थी। वह 10 वर्षों बाद भी अधूरी पडी है। जिससे क्षेत्र के बेरोजगारों को अब भी रोजगार के लिए प्रदेश के अन्य शहरों के साथ ही दूसरों राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। बताया जाता है घोषणा के बाद उद्योग विभाग की ओर से क्षेत्र में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। जिसके चलते उद्योगों के लिए आवंटित जमीन पर अतिक्रमण शुरू हो गए। कई स्थानों पर खेती होने लगी, तो कहीं मकान और बाड़े तक खड़े हो गए। चार वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर विशेष गढ़पाले ने उक्त घोषणा के संबंध में राजस्व, वन एवं पंचायत विभाग को निर्देश दिए थे। सभी विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की गई थीं। लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योग स्थापना हेतु ग्राम देवरी, मुरवारी, सनकुई, गनियारी, दशरमन, गूडा और गोपालपुर के बीच लगभग 1000 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। इतने बड़े क्षेत्र में उद्योग स्थापित होने से हजारों युवाओं को बेहतर रोजगार मिलने की उम्मीद जगी थी। वह समय के बीतने के साथ ही अब धुंधली हो गई है। वहीं क्षेत्र में रोजगार के साधन नहीं होने के कारण बेरोजगारों का पलायन करना मजबूरी बना हुआ है। जिस पर जिम्मेदारों द्वारा गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा। जिससे क्षेत्र में उधोग स्थापना की घोषणा धरातल में नहीं उतर पाई है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने कलेक्टर आशीष कुमार तिवारी का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र में उधोग स्थापना की मांग की गई है।



# टेलर के टैग ने बताया हत्यारे का पता

**कटनी, देशबन्धु।** बहोरीबंद पुलिस ने करीब छह माह पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मृतक की पहचान उसके शर्ट की कॉलर पर लगे एक टेलर के टैग और डीएनए जांच के आधार पर हुई, जिसके बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी। पुलिस के अनुसार, 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के दौरान सिद्ध बाबा रोड स्थित स्टॉप डैम की मेड़ के पास बांस के झुरमुट में 30 से 35 वर्षीय अज्ञात युवक का सड़ी-गली अवस्था में शव मिला था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक की हत्या अन्य स्थान पर करने के बाद शव को जलाकर पहचान मिटाने का प्रयास किया गया और बाद में उसे यहां लाकर छिपा दिया गया था। मामले में बहोरीबंद थाने में धारा 103(1) एवं 238 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पुलिस ने लगातार जांच जारी रखी। जांच के दौरान मृतक की शर्ट की कॉलर पर च्क्रस् टेलर्स, मझौलीज्ज् का टैग मिला। इसी सुराग के आधार पर पुलिस मझौली और आसपास के क्षेत्रों में पहुंची। बाद में पडवार निवासी गोपाल बर्मन ने कपड़ों और जेब में मिली सूखी पत्तियों के आधार पर आशंका जताई कि शव उसके पुत्र दुर्गा बर्मन का हो सकता है। डीएनए परीक्षण में यह पुष्टि हो गई कि शव दुर्गा बर्मन का ही था। पूछताछ में पता चला कि दुर्गा बर्मन अक्सर कोल्हाई देव के जंगल में घूमता था। पुलिस ने जंगल में सर्च अभियान चलाया, जहां मृतक के रेडियो की बैटरियां, गुलेल और अधजले कपड़े बरामद हुए। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ लोग जंगल में करंट बिछाकर जंगली जानवरों का अवैध शिकार करते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि महाशिवरात्रि की रात वे जंगल में करंट लगाकर जंगली सुअर और खरहा का शिकार करने पहुंचे थे। देर रात करंट हटाने के दौरान उन्हें महुआ के पेड़ के पास दुर्गा बर्मन का जला हुआ शव मिला। मृतक की पहचान होने के बाद पकड़े जाने के डर से उन्होंने शव को मोटरसाइकिल पर ले जाकर सिद्ध बाबा रोड स्थित बांस के झुरमुट में छिपा दिया, ताकि घटना के साक्ष्य नष्ट किए जा सकें। पुलिस ने मामले में धर्मेंद्र उर्फ टिक्कू यादव (23), धर्मेंद्र उर्फ धम्मू गोटिया (30) और सुखदेव उर्फ सुक्के यादव (31) निवासी मझौली, जिला जबलपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में थाना प्रभारी बहोरीबंद विजय कुमार विश्वकर्मा, निरीक्षक शैलेंद्र यादव, बहोरीबंद थाना स्टाफ तथा साइबर सेल कटनी की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



बहोरीबंद पुलिस ने 6 महीने पुराने अंधे हत्याकांड का किया पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार

## बिना वैध लाइसेंस एवं अमानक बीज विक्रय पर विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**कटनी, देशबन्धु।** जिले में बिना वैध लाइसेंस के बीज भंडारण एवं अमानक बीज की बिक्री करने के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा अभियान चलाकर जांच एवं कार्रवाई करने के दिए निर्देश के पालन में विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम कौड़िया स्थित अग्रहरी कृषि केंद्र के संचालक के विरुद्ध स्लीमनाबाद पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार बीज निरीक्षक मोहन सोलंकी द्वारा 11 जून 2026 को अग्रहरी कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान बीज की किस्म आईआर-64 (टी/एल) का नमूना लिया गया, जिसे परीक्षण हेतु अधारताल (जबलपुर) स्थित प्रयोगशाला भेजा गया। 6 जुलाई को प्राप्त रिपोर्ट में बीज का अंकुरण प्रतिशत निर्धारित मानक से कम पाया गया, जिसके आधार पर उसे अमानक घोषित किया गया। यह बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के नियम 15 का उल्लंघन है। इसके बाद उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास द्वारा संबंधित बीज स्कंध पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि अग्रहरि कृषि केंद्र का बीज विक्रय प्राधिकार पत्र 28 अक्टूबर 2025 को ही समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद संचालक द्वारा बीज का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था, जो बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के नियम 3 का उल्लंघन है। 4 अगस्त 2026 को किए गए पुनः निरीक्षण के दौरान संस्थान से कुल 150 किलोग्राम धान बीज जब्त किया गया। इसमें रामकृष्णा सीड क्रॉप केयर प्रा. लि. की रूझ-1010 किस्म 25 किलोग्राम तथा सवाना आईआर-64 किस्म 125 किलोग्राम शामिल है। जब्ती की कार्रवाई करते हुये पंचनामा तैयार कर सुपुर्दगी में दी गई। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर कृषि विभाग द्वारा अग्रहरि कृषि केंद्र के संचालक विवेक गुप्ता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत स्लीमनाबाद पुलिस थाना में प्रकरण दर्ज कराया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## नागरिकों को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता

**कटनी, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहरवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दैनिक स्तर पर सघन प्रयास किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित पेयजल मिले और जलजनित बीमारियों पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सके। पेयजल वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु निगम के जलप्रदाय अमले द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में रोजाना पाइप लाइनों की दैनिक जांच की जा रही है। जिसके तहत बुधवार को नगर के 13 लीकेज, फॉल्ट एवं क्षतिग्रस्त पाइपों की तत्काल मरम्मत कर जल अपव्यय रोकने के साथ ही शुद्ध आपूर्ति का कार्य किया गया। नागरिकों को सुरक्षित पेयजल मिले यह सुनिश्चित करने के लिए जल प्रदाय की टीम द्वारा बिरसा मुंडा वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, मोहन टॉकीज रोड, बाबू जगजीवन राम वार्ड उड़िया मोहल्ला, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, संत कंवरराम वार्ड रॉबर्ट लाइन सहित अन्य स्थलों में निगम की विभिन्न जल स्त्रोतों, टंकियों एवं नलों से जल के नमूने एकत्र कर उनकी गुणवत्ता का परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की गई। प्रयोगशाला में क्लोरीन की मात्रा, टर्बिडिटी एवं अन्य मानकों की जांच कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपूर्ति किया जाने वाला पानी शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो। निगम नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। गंदा पानी, कम दबाव या आपूर्ति न होने की शिकायतों पर संबंधित क्षेत्र में टीम भेजकर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे पेयजल का समुचित उपयोग करें, गुणवत्ता एवं लीकेज की सूचना तत्काल नगर निगम कार्यालय को दें और शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करें।

# अमृत योजना के कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**कटनी, देशबन्धु।** नगर निगम में बुधवार को आयोजित अमृत योजना एवं जलप्रदाय विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती प्रीत संजीव सूरी ने सीवर, जलप्रदाय एवं अन्य अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, जनसुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में महापौर ने अमृत योजना अंतर्गत सीवर कार्यों की प्रगति का नेटवर्क मैप के माध्यम से अवलोकन किया। शहर के जिन क्षेत्रों में सीवर लाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा जहाँ कार्य प्रगति पर है, उसकी विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जाएं। वर्षा ऋतु को देखते हुए महापौर ने सभी सीवर कार्य स्थलों पर आवश्यक बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवर कार्य दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए, जिससे श्रमिकों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही जय हिंद चौक एवं कटनी साउथ स्टेशन रोड पर बने गड्ढों को जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल भरवाने के निर्देश भी दिए। महापौर ने निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहाँ मोटरेबल व रेस्टोरेशन कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो और सड़क एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को शीघ्र पूर्ववत किया जाए। उन्होंने अमृत योजना अंतर्गत शेष सीवर कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसटीपी, डब्ल्यूटीपी एवं अन्य जलप्रदाय परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। महापौर ने कहा कि जलप्रदाय से जुड़े सभी निर्माण एवं तकनीकी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि भविष्य में नागरिकों को बेहतर एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही शहर में पाइपलाइन विस्तार एवं सिटी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान महापौर ने कहा कि अमृत योजना केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य शहर के नागरिकों को आधुनिक, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए सभी कार्यों को गति देने और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, पीडीएमसी प्रतिनिधि विशाल सैनी,सौरभ महेश्वरी सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।



महापौर श्रीमती सूरी सख्त: सीवर, जलप्रदाय एवं अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए

---- स्वागत वंदन अभिनंदन ----

मानननीय विधायक संजय पाठक



33 करोड़ 50 लाख की लागत से करेला में नवनिर्मित सांदीपनी विद्यालय का लोकार्पण करेंगे।

दिनांक 07/08/2026 दिन शुक्रवार समय दोपहर 1.00 बजे

निवेदक- ठेकेदार वीरेन्द्र सिंह

# प्रथम सोमवार को सैकड़ों शिवभक्तों ने श्रद्धापूर्वक किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

## सावन में शिवमय हुआ कैमोर, चारों सोमवार पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन के साथ होगा विशाल भंडारा

**कैमोर, देशबन्धु।** भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र श्रावण मास में शिव आराधना का विशेष महत्व है। जनकल्याण, सुख-समृद्धि, विश्व शांति एवं नगर-क्षेत्र की खुशहाली की मंगलकामना के साथ औद्योगिक नगर कैमोर में सावन माह के चारों सोमवार पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन का भव्य धार्मिक आयोजन प्रारंभ किया गया है। नगर के शिवभक्तों एवं समाजसेवियों के सहयोग से आयोजित इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के आयोजक मनीष नवैत हैं, जिनके नेतृत्व में नगर के प्रमुख शिवालयों में यह आयोजन संपन्न कराया जा रहा है।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को खलवारा बाजार स्थित मंगल भवन में विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं संपूर्ण विधि-विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव का पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर यजमान के रूप में पार्षद ऋचा मनीष नवैत एवं पार्षद शांति यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से नगर एवं क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि तथा जनकल्याण की मंगलकामना की। आयोजन में नगर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं शिवभक्तों ने श्रद्धाभाव से सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं शिवमय हो उठा।



### महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

पूजन के उपरांत हवन एवं महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण (भंडारा) कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के दौरान सेवा, श्रद्धा एवं धार्मिक उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला।

### चारों सोमवार नगर के प्रमुख शिवालयों में होंगे आयोजन

आयोजकों के अनुसार द्वितीय सोमवार को वार्ड क्रमांक 7 स्थित संकट मोचन एवं शिव मंदिर, तृतीय सोमवार को प्रसिद्ध पहनाई मंदिर तथा चतुर्थ सोमवार को वार्ड क्रमांक 11 स्थित संन्यासी बाबा मंदिर में प्रातः 9 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन किया जाएगा। प्रत्येक सोमवार को हवन, महाआरती एवं दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा।

### शिवभक्तों से सहभागिता की अपील

आयोजक मनीष नवैत सहित समस्त शिव भक्तों ने समस्त नगरवासियों एवं शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा इस पुण्य एवं जनकल्याणकारी धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने की अपील की है। श्रद्धा, सेवा और सनातन संस्कृति से ओतप्रोत यह आयोजन कैमोर में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और लोककल्याण का प्रेरणादायी संदेश दे रहा है।